झारखण्ड विधान सभा

ध्यानाकर्षण सूचना

चतुर्थ झारखण्ड विधान-सभा
एकादश (शीतकालीन)सत्र

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण- सूचनायें झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम- 147 के अन्तर्गत दिनांक- 15.12.2017 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी हैं :-

क्र0सं0	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
01.	02.	03.	04.
01-	श्री अनन्त कुमार ओझा स0वि0स0	साहेबगंज जिला अन्तर्गत राजमहल विधान सभा क्षेत्र गंगा के तटवर्ती व दियारा क्षेत्र पं0 बंगाल से अन्तराष्ट्रीय सीमा के नजदीक है। जिला के प्रखण्ड क्रमशः साहेबगंज, राजमहल तथा उधवा व बरहरवा (पाकुड़) का क्षेत्र सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। आए दिन बंगलादेशी घुसपैठियों के कारण क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी व्यापक असर पड़ रहा है। उनके द्वारा क्षेत्र में जनसंख्या असंतुलन की समस्या उत्पन्न की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के सरकारी व गैर-मजरूआ भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है। साहेबगंज जिला के राजमहल एवं उधवा प्रखण्ड की स्थिति और भी दयनीय है, जहाँ आंतरिक सुरक्षा की समस्या हमेशा उत्पन्न होती है। दैनिक समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से यह भी पता चलता है कि घुसपैठिये द्वारा आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता रही है। अतः सदन के माध्यम से सरकार से यह माँग करता हूँ कि उक्त वर्णित जिला के प्रखण्डों को राज्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अवैध घुसपैठियों पर अविलम्ब कार्रवाई की जाय, जिस ओर मैं ध्यान आकृष्ट कराता हूँ।	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन

01.	02.	03.	04.
02	श्री राज सिन्हा स0वि0स0	शिक्षा का औद्योगिकीकरण को होने से बचाने के लिए बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 में संशोधन कर जमीन संबंधित बाध्यता और कमरे का मानक समाप्त करने की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए माँग करता हूँ कि सरकार के स्वतंत्र विद्यालयों के लिए जो जमीन एवं कमरे की मानकता सुनिश्चित किया है, उसे समाप्त किया जाय। क्योंकि सी0एन0टी0 और एस0पी0टी0 के तहत् जमीन की भारी दिक्कत है और विद्यालयों में बच्चों की संख्या भी समान नहीं है तो इससे छोटे एवं निजी विद्यालयों पर आर्थिक बोझ पड़ता है और इसे गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। पूरे राज्य में ऐसे छोटे-छोटे निजी विद्यालयों की संख्या हजारों में है और लाखों बच्चे इसमें पढ़ते है दूसरी तरफ सरकारी स्कूल भी बंद होते जा रहे है। अतः सरकार से यह भी माँग करता हूँ कि बच्चों की कमी के कारण बंद हो रहे सरकारी स्कूलों में भी इन छोटे-छोटे निजी स्कूलों को खोलने की व्यवस्था की जाय और इन विद्यालयों को सी.बी0एस0ई0 या जे0ए0सी0 बोर्ड परीक्षा देने की स्वतंत्रता दी जाय सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता
03-	सर्वश्री शिवशंकर उराँव, गंगोत्री कुजूर एवं श्री ताला मराण्डी स0वि0स0	झारखण्ड राज्य के गढ़वा जिला से सटे बिहार राज्य के रोहतास जिले की कैमूर पहाड़ी पर रोहतासगढ़ किला अवस्थित है। यह किला उराँव जनजाति समाज के पूर्वज राजा के द्वारा निर्मित एवं निवास स्थल के रूप में मशहूर है। इस ऐतिहासिक किले में प्रतिवर्ष समाज का सांस्कृतिक-सामाजिक समागम मेला आयोजित होता है। जिसमें देश भर के जनजाति समुदाय के लोग लाखों की संख्या में भाग लेते है। रोहतासगढ़ किला प्रांगण में तीन दिनों तक चलने वाले इस सामाजिक-सांस्कृतिक मेले में देश भर के उराँव जनजाति समुदाय के लोग सम्मिलित होकर अपने पूर्वजो के गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहर से साक्षात्कार कर गौरान्वित होते है। यह किला और मेला उराँव जनजाति समाज का ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में प्रतिस्थापित हो चुका है। हमारे झारखण्ड राज्य के उराँव जनजाति समाज के लोग भी इस मेला और अन्य समय भी रोहतास गढ़ किला दर्शन के लिए हजारों की संख्या में जाते-आते रहते है। वर्त्तमान में रोहतासगढ़ किला तक पहुँचने के लिए 160 कि0मी0 अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परन्तु गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के ग्राम सोनपुरा के पास सोन नदी पर पुल का निर्माण होने से 160 कि0मी0 कम दूरी के साथ-साथ लोगों के आवागमन	पथ निर्माण

01.	02.	03.	04.
		में अत्यंत सुविधा होगी। इस पुल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा पहले ही आश्वासन प्राप्त हो चुका है, फलस्वरूप पुल का डी0पी0आर0 भी बनकर तैयार है। परन्तु अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली और इस अत्यंत महत्व के अंतरर्राज्यीय पुल का निर्माण का मार्ग प्रशस्त नहीं हुआ। मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इस अत्यंत अवलम्बनीय लोक महत्व के पुल का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए पुल निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाए।	
04-	श्री बिरंची नारायण एवं श्री योगेश्वर महतो स0वि0स0	बोकारो एक औद्योगिक नगर है। वर्त्तमान में बोकारो सहित राज्यभर के युवा आईटी प्रोफेशनल्स बड़ी संख्या में दिल्ली, मुम्बई, बंगलुरू, नॉएडा, चेन्नई इत्यादि जगहों में आईटी (IT) के क्षेत्र में काम करने हेतु पालयन करते हैं। बोकारो में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनने से धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र के आईटी प्रोफेशनल्स को भी अत्यधिक लाभ होगा एवं राज्य में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। अतएव मैं इस दिशा में सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए व्यापक जनहित में माँग करता हूँ कि बोकारो में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण करवाया जाय।	मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी
05	श्री मनोज कुमार यादव एवं श्री आलमगीर आलम स0वि0स0	कृपया विदित हो कि हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही प्रखण्ड के जी0टी0रोड करियातपुर हरिजन स्कूल मोड़ से तिलैया डैम पथ भाया गुड़ियों विजैया पथ यातायात के साधन के लिए अतिउपयोगी एवं महत्वपूर्ण पथ है, पथ निर्माण विभाग द्वारा इसका डी0पी0आर एवं तकनीकी स्वीकृति हो चूँकी है। अतः उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित करते हुए बजट 2018-19 में शामिल कराने हेतू मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट कराना चाहते है।	पथ निर्माण

रॉची,
दिनांक- 15 दिसम्बर, 2017 ई0।

विनय कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, रॉची।

कृ0पृ030

ज्ञाप सं0-ध्या0 एवं अना0प्र0-59/2017-...2888.../वि0 स0, राँची, दिनांक- 14/12/17

प्रतिः- झारखण्ड विधान सभा के मा0सदस्यगण/ मा0मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रिगण/ मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची/ माननीया राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव/ महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय राँची/ गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग/स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग/पथ निर्माण विभाग एवं मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12/17

(एस शिराज वजीह बंटी)
उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0-ध्या0 एवं अना0प्र0-59/2017-...2888.../वि0 स0, राँची, दिनांक- 14/12/17

प्रतिः- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय एवं सचिवीय कार्यालय को क्रमशः मा0 अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव के सूचनार्थ प्रेषित।

14/12/17

उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

सुभाष/-

14/12/17